साहेबगंज जिला अन्तर्गत राजमहल प्रखण्ड के सफल कृषक की कहानी उनकी जुवानी

परिचयः—

नाम	:	आलोक कुमार साहा
पिता	:	स्व0 हरिपद साहा
ग्राम	:	पररिया
पंचायत	:	पररिया
प्रखण्ड	:	राजमहल
मुख्य पेशा	:	कृषि एवं बागवानी

साहेबगंज जिला मुख्यालय से पैतिस (35) किलो मीटर दुर अवस्थित राजमहल प्रखण्ड के पररिया पंचायत के अन्तर्गत मैं श्री आलोक कुमार साहा एक प्रगतिशील कृषक हूँ । मैं मौसमी तथा बेमौसमी दोनो तरह के सब्जी का खेती करता हूँ। जिसने बैंगन, भिन्डी, खीरा, झिगली, करैला वर्षा के समय बड़े पैमाने पर इन सब्जियो का उत्पादन करता हूँ। इसके उपरान्त धान, गेंहूँ, मसुर, चना, कोबी, प्याज, लहसुन, मक्का, अदरक, हल्दी का भी खेती करता हूँ। इस सभी तरह के फसलों की खेती करने के नवीनम तकनिको की जानकारी 'आत्मा' से ही प्राप्त करता हुँ। फसलों का निरक्षण 'आत्मा' के परियोजना निदेशक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा भी मेरे खेतों पर आकर किया जाता है। तथा खेतों पर ही अल्प समय में इनके द्वारा नवीनतम जानकारियाँ मिल जाती है। मैं जिला तथा कृषि मेला में अपने उत्पादो को लेजाकर कई बार पुरस्कार भी प्राप्त किया हुआ हूँ। मैं जो नविनतम जानकारियाँ 'आत्मा' में प्राप्त करता हूँ। वो सारी जानकारियों को अपने प्रखण्ड एवं पंचायत में रहने वाले कृषक बन्धुओं को भी देता हूँ। तथा उनके द्वारा किये गए खेती में जब जिस चीज की जरूरत पड़ती है । उसे अपने स्तर से काफी मदद करता हूँ। मैं बर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने की जानकारी 'आत्मा' से प्राप्त किया हूँ। इस खाद को बना कर मैं अपने खेतों में बड़े पैमाने पर इसका उपयोग कर रहा हूँ। तथा इसे बेच कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहा हूँ। 'आत्मा' द्वारा बताये गए निदेशानुसार हमें तथा हमारे प्रखण्ड बासियों का फसल की उपज में काफी अधिक वृद्धि हो रही है। तथा सब्जि खेती करके मुझे अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है । जिससे मैं अपने परिवार का भरण—पोशन काफी अच्छी तरीके से कर रहा हूँ। मैं और मेरा परिवार 'आत्मा' से जुड़ कर काफी खुश है। मेरे आय का श्रोत इस प्रकार है।

सब्जी वर्ग	फसल	उपज	आय
1	सब्जी — बैगन	—	30 से 40 हजार रूपये (एक बीघ में)
	भिन्डी	—	10 से 12 हजार रूपये (एक बीघ में)
	खीरा	—	08 से 10 हजार रूपये (एक बीघ में)
	कोबी	—	20 से 22 हजार रूपये (एक बीघ में)
	प्याज	25 क्वी0	—
2	रब्बी — गेंहूँ	12 क्वी0 (एक बीघ में)	—
	धान	09 से 10 क्वी0 (प्रति बीघ)	—
	सरसो	03 क्वी0 (प्रति बीघ)	—
	आलू	1440 किलो ग्राम (दस कट्ठा में)	—
	मसूर	03 क्वी0 (प्रति बीघ)	—

मैं 'आत्मा' से जुड़कर बड़ा ही खुशी महसुस कर रहा हुँ। तथा अपने उपज को इससे भी ज्यादा बढ़ाने का प्रयास कर रहा हूँ। मैं 'आत्मा' के परियोजना निदेशक को अपना धन्यवाद व्यक्त करते हुए 'आत्मा' में कार्यरत सभी कर्मियों को अपना आभार व्यक्त करता हूँ।

धन्यवाद,